प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–06.11.2025 (सं0–76)

## विधानसभा चुनाव–2025 के पहले चरण में शान्तिपूर्ण मतदान

- 06 नवंबर 2025 को प्रथम चरण में कुल 121 विधानसभा क्षेत्र–के 45,324 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ।
- प्रथम चरण में स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कराने हेतु प्रत्येक मतदान भवन/मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में सी0ए0पी0एफ0 (केन्द्रीय बल) की 1500 कंपनी की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इसके अतिरिक्त 50 कंपनी बि0वि0स0पु0 बल, 45 हजार से अधिक जिला बल के पदा0/कर्मी लगाये गये थे।

  सुरक्षा के साथ–साथ मतदाताओं की सुविधा का भी ध्यान रखा गया। मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर कतारबद्ध करने हेतु **22,000 गृहरक्षक बल, 19,817 प्रशिक्षु सिपाही, 3,671 चौकीदार/दफादार की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी। साथ ही सभी बूथों पर Web Casting की व्यवस्था** की गयी थी।
- नदियों, दियारा क्षेत्रों, पहाड़ी क्षेत्रों एवं पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अत्याधुनिक हथियार, बोट, घुड़सवार दस्ता, ड्रोन, सेटेलाईट फोन, श्वान दस्ता, बम डिस्पोजल एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गयी थी। आपातकालीन सेवा हेतु पूरे राज्य में डायल 112 की ERV वाहन पुलिस बल सहित तैनात थे।
- अंतरजिला, अंतराज्जीय चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी गई। चुनाव हेतु अस्थायी चेक पोस्टों का भी निर्माण कराया गया है। बिहार से लगने वाले झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा नेपाल देश की सीमा पर **459 चेक पोस्ट स्थापित** किया गया। मतदान समय समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से इन पड़ोसी राज्यों की सीमा भी सील की गई थी। पुलिस मुख्यालय स्तर पर मतदान के दिन पुलिस महानिदेशक, नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पूरे राज्य पर लगातार नजर रखी जा रही थी एवं वांछित कार्रवाई हेतु तत्क्षण निर्देश दिये गये।
- FST, SST एवं CAPF के संयुक्त कार्रवाई में लगभग 3,04,000 लीटर शराब, मादक पदार्थ (Drugs) 19.26 करोड़, 4.265 करोड़ की बहुमूल्य धातु, मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु बाँटे जाने वाली अन्य वस्तुएँ एवं 7.35 करोड़ की नकद राशि अभी तक बरामद की गई है।
- बिहार पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी। चुनाव के अवसर पर असमाजिक तत्वों पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने की कार्रवाई चुनाव घोषणा होने के पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गयी थी।
- बिहार पुलिस द्वारा चुनाव प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर **4,08,459 व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई** की गयी है, इनमें **53,523 ऐसे लोग है जिनके विरूद्ध कमजोर वर्ग के मतदाताओं को डराने–धमकाने की संभावना के आधार पर कार्रवाई की गयी** है।
- बिहार पुलिस सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई हेतु कटिबद्ध है। इस क्रम में राज्य के **23 कुख्यात अपराधियों के विरूद्ध सी0सी0ए0–12 के तहत निरूद्ध** की कार्रवाई की गयी है तथा **1090 सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध सी0सी0ए0–03 के तहत** जिला बदर की कार्रवाई की गयी है।
- बिहार पुलिस द्वारा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ–साथ गैर जमानतीय वारंट/इश्तेहार एवं कुर्की जप्ती का तामिला किया गया। इस क्रम

में आदर्श आचार संहिता लागू होने की तिथि से अबतक **39,387 गैर जमानतीय वारंटों (NBW) का निष्पादन किया जा चुका है।**

- हाल के वर्षों में सोशल मिडिया के माध्यम से असमाजिक तत्वों द्वारा फेक न्यूज/अफवाह फैला कर सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जाता रहा हैं। पुलिस द्वारा सभी जिलों एवं पुलिस मुख्यालय में सोशल मिडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित की गयी है, जिसके तहत सोशल मिडिया हैण्डल के माध्यम से 24X7 लगातार निगरानी कराकर गलत खबरों को त्वरित रूप से खंडन किया जा रहा है तथा प्राथमिकी दर्ज किया गया है।
- दिनांक–06.10.2025 से दिनांक–05.11.2025 तक **आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित 428 मामले दर्ज किये गये।**
- चुनाव एवं मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित बिहार पुलिस के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किये गये सभी पोस्ट्स का फेसबुक पर कुल Reach एवं Engagement लगभग 3.26 मिलियन (करीब 32 लाख) रहा।
- शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के क्रम में आज दिनांक–06.11.2025 को अबतक प्राप्त जानकारी के अनुसार **1415 व्यक्तियों के विरूद्ध गिरफ्तारी/निरोधात्मक कार्रवाई की गई। इस क्रम में 16 वाहन एवं 01 मोबाइल भी जप्त किया गया।**
- छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई उल्लेखनीय घटना नहीं घटित हुई। सभी छिटपुट घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**XXXXXXX**